आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 27.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना प्रत्येक भारतीय का लक्ष्य है।

2– प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आज से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शुरू।

3– बेमेतरा जिले में आज कुएं के अंदर जहरीली गैस के रिसाव से तीन युवकों की मौत।

4– प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

प्रधानमंत्री–नीति आयोग बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना प्रत्येक भारतीय का लक्ष्य है। नई दिल्ली में आज नीति आयोग की शासी परिषद की नौंवीं बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे लोगों के साथ सीधे जुडे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस के सपनों को सभी राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य विकसित भारत बनाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री–नीति आयोग बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी आज नई दिल्ली में नीति आयोग आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में शामिल हुए। इस दौरान श्री साय ने राज्य की विकास योजना का खाका प्रस्तुत किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्य की प्राथमिकताओं और विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य और तकनीकी उन्नति पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य का जी. एस.डी.पी. पांच लाख करोड़ रूपए से अधिक है, जिसे अगले पांच वर्षों में दस लाख करोड़ रूपए तक बढ़ाने का लक्ष्य है।

बैठक में श्री साय ने राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्य फोकस स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने पर है। राज्य में शिक्षा को व्यवसायिक कौशल और ट्रेनिंग से जोड़ा जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी क्षमताएं देना है, जो उन्हें रोजगार के लिए तैयार करें। राज्य में प्रत्येक छात्र के लिए ''वन नेशन–वन स्टूडेंट आई–डी कार्ड'' बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें छात्र के शैक्षणिक अनुभव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में मौजूद होंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मार्च दो हजार छब्बीस तक छियानवे प्रतिशत घरों में पेयजल पहुंचा दिया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री–बजट

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट रोजगारोन्मुखी और देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर को बढ़ाने वाला है। आज रायपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि बजट का उद्देश्य रोजगार बढ़ाना, मध्यम वर्ग को समर्थन देना और देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर को बढ़ाने के लिए एमएसएमई को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि बजट में कौशल विकास पर फोकस किया गया है।

उधर, दुर्ग में केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट को सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट वर्ष दो हजार सैंतीलीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मील का पत्थर साबित होगा।

केन्द्रीय राज्यमंत्री–छत्तीसगढ़

केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर आज शाम दो दिवसीय प्रवास छत्तीसगढ़ आएंगी। श्रीमती ठाकुर कल अट्ठाईस जुलाई को अंबिकापुर में आंगनबाड़ी और सखी वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण करने के बाद पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में शामिल होंगी।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आज से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शुरू हो गया है। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर आम जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री अरूण साव ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों और विभाग के पांचों क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त संचालकों से फोन पर बात कर नागरिकों की समस्याओं का गंभीरता से समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़े के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कनेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धा अवस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और नामांतरण सहित रोजगार के प्रकरणों का निपटारा करने को भी कहा है। उन्होंने शिविरों में महापौरों, अध्यक्षों, पार्षदों और अन्य जनप्रतिनिधियों से उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि इनमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता हो सकें।

गौरतलब है कि आज से शुरू यह जनसमस्या निवारण पखवाड़ा आगामी दस अगस्त तक चलेगा।

विस–सत्र समापन

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का कल समापन हो गया। इस सत्र में पांच बैठकें हुईं। इस दौरान प्रथम अनुपूरक बजट पारित किया गया। साथ ही तीन महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने मानसून सत्र के सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों सहित विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के मासिक कार्यक्रम की एक सौ बारहवीं कड़ी है। श्री मोदी के लगतार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कड़ी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में इसकी सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

जहरीली गैस–मौत

बेमेतरा जिले में आज कुएं के अंदर जहरीली गैस के रिसाव से तीन युवकों की मौत हो गई। हमारे संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं में दो युवक पंप निकालने के लिए कुएं में उतरे थे। इस दौरान वे कुएं के अंदर ही बेहोश हो गए, उन्हें बचाने के लिए तीसरा युवक भी कुएं में उतरा और वह भी बेहोश हो गया। तीनों युवकों की कुएं के अंदर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार और पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर तीनों मृत युवकों के शवों को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

उधर, सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में भी आज कुंए में जहरीली गैस के रिसाव से एक ग्रामीण की मौत हो गई है।

माओवादी–आत्मसमर्पण/गिरफ्तार

कबीरधाम जिले में आज तेरह लाख रूपए की एक इनामी महिला माओवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इस महिला माओवादी पर छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में पांच–पांच लाख तथा मध्यप्रदेश में तीन लाख रूपए का इनाम घोषित था। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इस महिला माओवादी ने राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा और कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव के समक्ष आत्मसमर्पण किया। यह माओवादी गोंदिया–राजनांदगांव–बालाघाट जीआरबी डिवीजन के तहत टांडा–मलाजखंड एरिया कमेटी सदस्य के रूप में सक्रिय थी।

उधर, दंतेवाड़ा जिले में दो महिला माओवादियों ने डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया है। ये दोनो महिला माओवादी भैरमगढ़ एरिया कमेटी के तहत हुर्रेपाल क्षेत्र में सक्रिय थी।

इस बीच, सुकमा जिले में सुरक्षा बलों की टीम ने दो माओवादियों को विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों माओवादी पिछले महीने जगरगुंडा थाना क्षेत्र में पुलिस वाहन को आईईडी

विस्फोट से उड़ाने की घटना में शामिल थे। इस घटना में दो जवान शहीद हो गए थे। मिली जानकारी के अनुसार तर्रेम थाना क्षेत्र से कोबरा बटालियन के जवान तलाशी अभियान के लिए निकले थे। इस दौरान ग्राम कुर्रेगुट्टा के जंगल से इन दोनों माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन राड, बारूद, डेटोनेटर और नक्सल साहित्य सहित अन्य सामग्रियां बरामद की गई हैं।

हाथी हमला—मौत

जशपुर जिले में बीती रात एक दंतैल हाथी के हमले में दो भाईयों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तपकरा वन क्षेत्र के ग्राम केरसई में एक दंतैल हाथी ने घर में घुसकर दो भाईयों पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

हल्बी/गोण्डी—समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कोंडागांव'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ के एक—दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

इस बीच, आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में हल्की से मध्यम वर्षा होने की खबर है। बस्तर संभाग के कई जिलों में बारिश के कारण नदी—नाले उफान पर हैं। वहीं, बलौदाबाजार—भाटापारा जिले में भी नदी—नालों का जलस्तर बढ़ गया है। भाटापारा—बिलासपुर मार्ग पर स्थित सेमरिया घाट आज भी बंद रहा। वहीं, अन्य जिलों में भी बारिश होने की खबर है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>